**NEWS CLIPPING: 10.12.2020**

## PUNJAB KESARI

# जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने का प्रयास करें: प्रो. अनायत

**छोटे उद्योगों के साथ जुड़कर समाधान दें युवा इंजीनियर्स: प्रो. दिनेश**

**जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में ऑनलाइन इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन**




*कार्यक्रम को संबोधित करते दीनबंधु छोटूराम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेन्द्र कुमार अनायत।(छाया: एस शर्मा)*

फरीदाबाद, 9 दिसम्बर (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा शैक्षणिक सत्र 2020-21 में अपने नये विद्यार्थियों के लिए एक सप्ताह तक चलने वाले ऑनलाइन इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर के कार्यालय की देखरेख में किया जा रहा है।

इंडक्शन प्रोग्राम का उद्घाटन आज दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के कुलपति डॉ. राजेंद्रकुमार अनायथ ने किया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. लखविन्दर सिंह ने अतिथि और प्रतिभागी विद्यार्थियों का स्वागत किया। सत्र का समन्वय डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. अनुराधा पिल्लई द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुद्रण तकनीक के प्रमुख अकादमीशियन डॉ राजेन्द्र कुमार अनायत ने विद्यार्थियों के साथ अपने जीवन के अनुभव साझे किये तथा उन्हें जीवन में लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है कि आप कितना ज्ञान रखते है, अपितु यह अधिक महत्वपूर्ण है कि आपके द्वारा अर्जित ज्ञान का सही उपयोग सुनिश्चित हो। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे जीवन में लक्ष्य निर्धारित करें तथा उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें।

इस अवसर पर बोलते हुए, कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय में नए विद्यार्थियों का स्वागत किया और कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण, विश्वविद्यालय भौतिक रूप में कक्षाओं का संचालन नहीं कर सकता, लेकिन ऑनलाइन मोड में विद्यार्थियों की पढ़ाई जारी रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उद्यमशीलता को करियर विकल्प के रूप में चुनने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को नौकरी की चाह रखने की बजाय उद्यमी बनने का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी उद्यमशीलता के लिए सार्थक प्रयास करेंगे तो विश्वविद्यालय भी उन्हें उद्यमशीलता को एक कैरियर विकल्प के रूप में चुनने के लिए पर्याप्त अवसर और सुविधाएं प्रदान करेगा। कुलपति ने विद्यार्थियों को स्थानीय उद्योग को समाधान प्रदान करने की दिशा में काम करने और देश की आर्थिक वृद्धि के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को सहयोग देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योग गुणवत्ता के वैश्विक मानकों को पूरा करने के लिए अपने उत्पाद को बेहतर बनाने के लिए अनुसंधान में पैसा नहीं लगा सकते, इसलिए इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को ऐसे उद्योगों के साथ जुड़ना चाहिए और उनकी तकनीकी समस्याओं के समाधान प्रदान करने की दिशा में काम करना चाहिए। सत्र का समापन कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग के संबोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने विभिन्न गुणवत्ता मानकों पर विश्वविद्यालय का संक्षिप्त परिचय दिया। इसके उपरांत, दूसरे सत्र को डीन क्वालिटी एश्योरेंस प्रो. संदीप ग्रोवर, डीन इंस्टीट्यूशंस प्रो. तिलक राज और डीन एकेडमिक प्रो. विकास तुर्क द्वारा भी संबोधित किया गया।

पंजाब केसरी ई-पेपर

Thu, 10 December 2020

Edition: faridabad kesari, Page no. 4

**NEWS CLIPPING: 10.12.2020**

## THE TRIBUNE

# JC BOSE VARSITY INKS MOU WITH NHAI

**Faridabad:** To share its knowledge on the latest trends in the highway and transportation sector, and to instill a sense of contribution in building local infrastructure among students, JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has partnered with the National Highways Authority of India (NHAI). According to this partnership, the university will share its knowledge with the NHAI and adopt national highway stretches of about 50 kilometres under the university's social responsibility, and the NHAI will offer internships with stipend to the students of the university. According to the Vice-Chancellor, the MoU will help researchers and students of the Civil Engineering Department to improve their practical knowledge and make them ready for employment.

The Tribune Thu, 10 December 2020 https://epaper.tribune

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 10.12.2020**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए में ऑनलाइन इंडक्शन कार्यक्रम शुरू

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में शैक्षणिक सत्र 2020-21 में दाखिला लेने वाले नए छात्रों के लिए बुधवार को एक सप्ताह के ऑनलाइन इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन हुआ। आयोजन दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि मुरथल के कुलपति ने किया।

**NEWS CLIPPING: 10.12.2020**

## AMAR UJALA

# 'लक्ष्य निर्धारित कर पाने का प्रयास करें सभी छात्र-छात्राएं'

A.U. 10-12-2020

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि वाईएमसीए शैक्षणिक सत्र 2020-21 में नए विद्यार्थियों के लिए एक सप्ताह तक चलने वाले ऑनलाइन इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन कर रहा है। प्रोग्राम का उद्घाटन बुधवार को दीनबंधु छोटूराम विज्ञान, एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के कुलपति डॉ. राजेंद्र कुमार अनायत ने किया। उन्होंने सभी को लक्ष्य तय करने और उसे पाने का प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

**जेसी बोस विश्वविद्यालय में ऑनलाइन इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन**

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। डॉ. राजेंद्र कुमार अनायत ने विद्यार्थियों के साथ अपने जीवन के अनुभव साझे किए। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है कि आप कितना ज्ञान रखते हैं, बल्कि यह अधिक महत्वपूर्ण है कि आपके द्वारा अर्जित ज्ञान का कितना सही उपयोग सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने आह्वान किया कि वे जीवन में लक्ष्य निर्धारित करें और उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने नए विद्यार्थियों का स्वागत किया और कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण, विश्वविद्यालय भौतिक रूप में कक्षाओं का संचालन नहीं कर सकता। ऑनलाइन मोड में पढ़ाई जारी रखने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उद्यमशीलता को करियर चुनने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 10.12.2020**

**NAVBHARAT TIMES**

# 'जीवन में लक्ष्य पर करें फोकस'

NBT 10-11-2020

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस यूनिवर्सिटी की ओर से नए सत्र में दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए एक सप्ताह के इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को दीनबंधु छोटूराम यूनिवर्सिटी मुरथल के कुलपति डॉ. राजेंद्र कुमार ने इंडक्शन का शुभारंभ किया। अध्यक्षता जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने की। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर लखबिंदर सिंह ने अतिथियों व प्रतिभागी छात्रों का स्वागत किया। डॉ. राजेंद्र कुमार ने छात्रों के साथ अपने जीवन के अनुभव साझा किए और उन्हें जीवन में लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने को प्रेरित किया। कहा कि ज्ञान रखने की जगह ज्ञान का सही उपयोग सुनिश्चित करना जरूरी है। छात्र अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करें और उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें। कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने यूनिवर्सिटी में नए छात्रों का स्वागत किया। कोविड-19 के कारण यूनिवर्सिटी भौतिक रूप में कक्षाओं का संचालन नहीं कर सकती, लेकिन ऑनलाइन माध्यम से छात्रों की पढ़ाई जारी रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने कहा कि अगर छात्र उद्यमशीलता के लिए सार्थक प्रयास करेंगे तो यूनिवर्सिटी भी उन्हें उद्यमशीलता को एक करियर के रूप में चुनने के लिए पर्याप्त अवसर व सुविधाएं देगा।

**■ इंडक्शन प्रोग्राम में छोटूराम यूनिवर्सिटी मुरथल के कुलपति डॉ. राजेंद्र कुमार ने किया प्रेरित**